# काशी सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2026

## नियम एवं शर्तें

### 1. प्रतियोगिता की श्रेणियाँ

प्रतिभागी निम्नलिखित में से एक अथवा एक से अधिक श्रेणियों में अपनी प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं–

- विषय - ए
- विषय - बी

### 2. पात्रता

- प्रतियोगिता में कोई भी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकता है।
- प्रतिभागी वाराणसी जनपद का निवासी होना चाहिए।
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई आयु-सीमा निर्धारित नहीं है।

### 3. फोटोग्राफी उपकरण

- डीएसएलआर (DSLR), डीएसएलटी (DSLT), मिररलेस कैमरा अथवा उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले मोबाइल फोन/टैबलेट से ली गई तस्वीरें स्वीकार की जाएँगी।
- सभी प्रविष्टियाँ प्रतियोगी द्वारा स्वयं खींची गई मूल (Original) तस्वीरें होनी चाहिए।

### 4. प्रतियोगिता का कार्यक्रम

- ऑनलाइन राउंड: 3 अगस्त से 14 अगस्त 2026
- ऑफलाइन राउंड: 19 अगस्त से 20 अगस्त 2026

5. प्रविष्टियों से संबंधित नियम

- प्रत्येक प्रतियोगी प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम एक (01) प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकता है।
- ड्यूटी अथवा सरकारी कार्य के दौरान ली गई आधिकारिक तस्वीरें प्रतियोगिता हेतु मान्य नहीं होंगी।
- प्रतियोगिता अधिकारी किसी भी ऐसी प्रविष्टि को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं जो निर्धारित विषय, आकार या नियमों के अनुरूप न हो।

- आवश्यकता होने पर निर्णायक मंडल किसी प्रविष्टि को अधिक उपयुक्त श्रेणी में स्थानांतरित कर सकता है।

6. फोटो का प्रारूप

- सभी प्रविष्टियाँ उच्च-रिज़ॉल्यूशन डिजिटल फोटो होनी चाहिए।
- फोटो का आकार 12 × 18 इंच तथा कम से कम 1600 पिक्सेल (चौड़ाई अथवा ऊँचाई) होना आवश्यक है।
- केवल JPEG, PNG अथवा PDF प्रारूप स्वीकार किए जाएँगे।
- RAW, PSD अथवा अन्य संपादन फ़ाइलें स्वीकार नहीं की जाएँगी।

7. फोटो संपादन (Editing)

निम्नलिखित सीमित संपादन स्वीकार्य होंगे–

- रंग (Color) का सामान्य सुधार
- कंट्रास्ट (Contrast) में सामान्य वृद्धि
- प्रकाश (Brightness) का हल्का समायोजन
- आवश्यकतानुसार क्रॉपिंग (Cropping)

निम्नलिखित कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित हैं–

- किसी वस्तु, व्यक्ति या दृश्य को जोड़ना, हटाना अथवा बदलना।
- कृत्रिम प्रभाव (Artificial Effects) या डिजिटल मैनिपुलेशन करना।

8. मौलिकता

- सभी तस्वीरें प्रतियोगी द्वारा स्वयं ली गई मूल रचना होनी चाहिए।
- इंटरनेट, सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य स्रोत से प्राप्त चित्र स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाली प्रविष्टियाँ तत्काल निरस्त कर दी जाएँगी।

9. प्रविष्टियाँ जमा करने की प्रक्रिया

- सभी प्रविष्टियाँ प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित समय के भीतर अपलोड करनी होंगी।
- प्रत्येक फोटो के साथ उसका शीर्षक, तिथि तथा कैमरे द्वारा रिकॉर्ड किया गया Metadata (EXIF Data) उपलब्ध होना चाहिए।

जमा की गई तस्वीरें वापस नहीं की जाएँगी।

10. प्रतिबंध

- फोटो पर किसी भी प्रकार का Watermark, Logo, Brand Name अथवा Photographer Name अंकित नहीं होना चाहिए।
- फोटो किसी भी प्रकार के ब्रांड, उत्पाद या ट्रेडमार्क का प्रचार नहीं करेगी।
- फोटो में अश्लील, अभद्र, आपत्तिजनक, घृणास्पद, भ्रामक, मानहानिकारक अथवा कानून-विरुद्ध सामग्री नहीं होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को प्रदर्शित करने वाली तस्वीरें स्वीकार नहीं की जाएँगी।

11. निर्णायक मंडल का निर्णय

प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों में निर्णायक मंडल एवं आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।